# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्रीड़ा–परिषद्, अयोध्या (उ0प्र0)
# Dr. Rammanohar Lohia Avadh University Sports Council, Ayodhya (U.P.)

पत्रांक : अ0वि0वि0/क्रीड़ा/66/2026 दिनांक : 23 जुलाई, 2026

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/क्रीड़ा प्रभारी,**
सम्बद्ध डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

**महोदय/महोदया,**

विगत सत्र 2025–26 की क्रीड़ा प्रतियोगितायें आप सभी के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई इसलिए आप सभी के प्रति आभारी हूँ एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

माननीय कुलपति जी ने मुझे यह कहने का निर्देश दिया है कि आगामी सत्र (2026–27) में कम से कम तीन अन्तर्महाविद्यालयीय खेलों और जिन महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा का कोई पाठ्यक्रम चल रहा है उन में पॉच खेलों में आपके महाविद्यालय के खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। **ए0आई0यू0, नई दिल्ली से स्पोर्ट्स कैलेण्डर 2026–27 प्राप्त हो चुका है, जिसमें यह अवगत कराया गया है कि खेल दिवस के अवसर पर अर्थात् 29 अगस्त से अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रारम्भ हो जायेगा।** इसी क्रम में सत्र 2026–27 हेतु क्रीड़ा–परिषद् द्वारा बनाये जाने वाला अन्तर्महाविद्यालय स्पोर्ट्स कैलेण्डर के सन्दर्भ में आपसे निवेदन करना है कि –

आप अपने महाविद्यालय से निम्नलिखित खेलों में से किसी 3 खेलों का नाम वरीयता क्रम में लिखकर प्रस्ताव भेजें, ताकि उक्त प्रस्ताव के सापेक्ष आपके महाविद्यालय को कोई एक खेल या एक से अधिक खेल आयोजित कराने का सुअवसर प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

| खेलों के नाम | | |
|---|---|---|
| **1.** वॉलीबाल (पुरूष) | **15.** फुटबॉल (पुरूष) | **29.** किक बॉक्सिंग (पुरूष एवं महिला) |
| **2.** वॉलीबाल (महिला) | **16.** फुटबॉल (महिला) | **30.** पॉवर लिफ्टिंग (पुरूष एवं महिला) |
| **3.** बास्केटबाल (पुरूष) | **17.** कुश्ती (पुरूष एवं महिला) | **31.** वेट लिफ्टिंग (पुरूष एवं महिला) |
| **4.** बास्केटबाल (महिला) | **18.** शतरंज (पुरूष एवं महिला) | **32.** योगा (पुरूष एवं महिला) |
| **5.** खो–खो (पुरूष) | **19.** बैडमिन्टन (पुरूष एवं महिला) | **33.** कराटे (पुरूष एवं महिला) |
| **6.** खो–खो (महिला) | **20.** एथलेटिक्स (पुरूष एवं महिला) | **34.** क्वान कि डो (पुरूष एवं महिला) |
| **7.** हैण्डबाल (पुरूष) | **21.** तैराकी (पुरूष एवं महिला) | **35.** सिक्स ए साइड क्रिकेट (पुरूष एवं महिला) |
| **8.** हैण्डबाल (महिला) | **22.** शूटिंग (पुरूष एवं महिला) | **36.** जिमनास्टिक (पुरूष एवं महिला) |
| **9.** हॉकी (पुरूष) | **23.** ताइक्वाण्डो (पुरूष एवं महिला) | **37.** ड्रॉप रोबॉल (पुरूष एवं महिला) |
| **10.** हॉकी (महिला) | **24.** जूडो (पुरूष एवं महिला) | **38.** साइक्लिंग रोड (पुरूष एवं महिला) |
| **11.** क्रिकेट (पुरूष) | **25.** क्रास–कन्ट्री (पुरूष एवं महिला) | **39.** फेंसिंग (पुरूष एवं महिला) |
| **12.** क्रिकेट (महिला) | **26.** टेबुल–टेनिस (पुरूष एवं महिला) | **40.** नेटबाल (पुरूष एवं महिला) |
| **13.** कबड्डी (पुरूष) | **27.** आर्चरी (पुरूष एवं महिला) | **41.** साफ्टबाल (पुरूष एवं महिला) |
| **14.** कबड्डी (महिला) | **28.** बॉक्सिंग (पुरूष एवं महिला) | **42.** बेसबाल (पुरूष एवं महिला) |

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता अपने महाविद्यालय में आयोजित कराने सम्बन्धित प्रस्ताव दिनांक : 07 अगस्त, 2026 तक क्रीड़ा–परिषद् कार्यालय में अनिवार्य रूप से भेजने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

**(प्रो0 आशीष प्रताप सिंह)**
सचिव, क्रीड़ा परिषद्

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. कुलपति महोदय, (अध्यक्ष, क्रीड़ा–परिषद) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
2. उपाध्यक्ष, क्रीड़ा–परिषद्, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
3. वित्त अधिकारी (कोषाध्यक्ष, क्रीड़ा–परिषद्), डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
4. कुल सचिव, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
5. प्रोग्रामर, ईडीपी सेल, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को महाविद्यालयों के लॉगिन पर भेजने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
6. पत्रावली।

**(प्रो0 आशीष प्रताप सिंह)**
सचिव, क्रीड़ा परिषद्